एक नजर में

धर्म, संयम और सदाचार का संदेश दिया मुनिश्री ने

सारंगपुर 14 जुलाई, सं. सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज का ससंघ नगर में मंगल प्रवेश हुआ. इस मौके पर विशाल चल समारोह भावना होटल, गणेश विहार से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड होकर राठी मांगलिक परिसर पहुंचा. रास्ते में श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के दर्शन कर धर्मलाभ लिया. मुनि श्री ने अपने प्रवचनों में धर्म, संयम, सदाचार एवं आत्मकल्याण का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि एवं मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होना है. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, ललित पालीवाल, प्रदीप सादानी, निर्मल जैन, मनोज जैन, सुमत जैन, अनिल जैन, विजय जैन,दीपक जैन, लतेश सिंघई, विवेक जैन, चंद्रकुमार जैन, सुरेश जैन, संजय डैडी, पंकज जैन, दीपेश जैन, नरेंद्र जैन, श्रीपाल जैन, गुणधर जैन, संजय जैन, दीपेश जैन, सौरभ जैन, अजय जैन, अनमोल जैन, अरुण जैन, जैनपाल जैन, संजय जैन मेडिकल, मुनि सेवा समिति अध्यक्ष पारस जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

दो डायलिसिस मशीनों से बढ़ी उपचार क्षमता

राजगढ़ 14 जुलाई, का. कभी किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी. कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिससे आर्थिक बोझ के साथ समय और मानसिक तनाव भी बढ़ता था लेकिन अब जिला अस्पताल राजगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए दो नई डायलिसिस मशीनें शुरू कर दी हैं. इसके साथ ही अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जिससे मरीजों को पहले की तुलना में कहीं अधिक बेहतर, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल रहा है. किडनी रोगियों के लिए नियमित डायलिसिस जीवन की अनिवार्य आवश्यकता होती है. उपचार में थोड़ी भी देरी मरीज के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है. नई मशीनों के शुरू होने से अब अधिक मरीजों का समय पर डायलिसिस किया जा रहा है तथा प्रतीक्षा अवधि में उल्लेखनीय कमी आई है.

आरईएस ने निजी जमीन पर बना दी सरकारी नाली

राजगढ़ 14 जुलाई, का. मंगलवार को जनसुनवाई में ग्राम पिपलिया रसोडा निवासी बद्रीप्रसाद ने बताया कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा शासकीय भूमि से नाली निर्माण न करते हुए आवेदक की निजी भूमि से नाली निर्माण किया गया. नाली निर्माण से आवेदक अपनी निजी भूमि पर खरीफ फसल की बुवाई करने में असमर्थ हैं. कृषि भूमि पर आने जाने का रास्ता बंद हो गया हैं.

भूमि बेचना है
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
सम्पर्क करें : 9424406947
बिल : 09 अगस्त

सीनियर्स ने तीन जूनियर छात्रों को पीटा

कचनारिया स्थित जवाहर नवोदय की घटना, पिटाई के बाद धमकाने के आरोप, परिजनों ने शिकायत की

परिजनों का गंभीर आरोप स्कूल परिसर में शराब का उपयोग भी होता है, प्रबंधन ने जांच बैठाई

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/पचोर 14 जुलाई, सं. अनुशासन, बेहतर शिक्षा और भविष्य की नींव रखने के लिए ख्यात नवोदय विद्यालय में रैगिंग की तरह सीनियर और जूनियर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों में मारपीट का मामला सामने आया है. ग्राम कचनारिया स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में एक सीनियर छात्र ने जूनियर छात्रों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है.

घटना सोमवार रात करीब 10 बजे की बताई गई है जिसमें 11वीं कक्षा के एक छात्र ने 9 वीं कक्षा के तीन छात्रों के साथ मारपीट की है. घटना के बाद मंगलवार सुबह पीड़ित छात्रों के परिजन विद्यालय पहुंचे और प्राचार्य से शिकायत की. इसके बाद पुलिस बुलाई गई और परिजन बच्चों को लेकर खुजनेर थाने पहुंचे. जहां कार्रवाई की मांग की गई.

प्राचार्य का जवाब, टीसी थमाएंगे

जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विकास गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि 11वीं कक्षा के एक छात्र ने रात 10 बजे तीन जूनियर छात्रों के साथ मारपीट की थी. जानकारी मिलते ही छात्रों के परिजनों को विद्यालय बुलाया गया. राजगढ़ से अधिकारी जांच के लिए आ रहे हैं और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. जिसमें जरूरत पड़ने पर छात्र को टीसी देकर विद्यालय से बाहर करने का विकल्प भी शामिल है. पुलिस ने फिलहाल, मामले की जांच शुरू कर दी गई है. पीड़ित छात्रों के परिजन दोषी छात्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

पिटाई के बाद धमकी दी

छात्रों के परिजनों ने आरोप लगाया कि कड़ियागांव निवासी कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्र जतिन सिसोदिया ने 9वीं कक्षा के छात्र विशाल वर्मा, गोपाल दांगी और हेमंत नागर के साथ जमकर मारपीट की. उन्होंने यह भी बताया कि मारपीट के दौरान आरोपी छात्र ने किसी को भी घटना की जानकारी देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी. छात्रों के परिजनों ने विद्यालय में कुछ सीनियर छात्रों पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाया. उनका कहना है कि कुछ छात्र शराब पीकर विद्यालय में हंगामा करते हैं. परिजनों का कहना है कि उन्होंने शराब की जानकारी विद्यालय प्रबंधन को दी, तो शुरुआत में इसे गंभीरता से नहीं लिया गया. घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय प्रबंधन ने आरोपी छात्र जतिन सिसोदिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. प्राचार्य ने छात्र को विद्यालय के वाहन से घर भेज दिया.

नवोदय विद्यालय परिसरों को मॉनिटरिंग की जरूरत

जवाहर नवोदय विद्यालय में कड़ी मेहनत के बाद प्रवेश परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करने के बाद प्रवेश मिलता है. हर परिजन की इच्छा अपने बच्चों को नवोदय भेजने की होती है. इस स्कूल के लिए अपने बच्चों का चयन होने मात्र से परिजन गौरव महसूस करते है. लेकिन इस प्रकार मारपीट, बच्चों में आपसी वैनमस्य और धमकी देने जैसे आचरणों, परिजनों द्वारा गंभीर आरोपों के बाद नवोदय परिसरों की मॉनिटरिंग, हॉस्टल व्यवस्थाओं पर प्रश्न उठ रहे है. यह घटना केवल एक दिन में नहीं उपजी होगी. यह कई दिनों की अनदेखी की परिणती है. नवोदय के शिक्षकों, वार्डन और अन्य स्टाफ को इस बारे में चिंतन करने की जरूरत है.

अंतत : फर्जी डिग्री मामले में एफआईआर दर्ज

आरोपितों से पुलिस की पूछताछ और अरेस्ट शुरू

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 14 जुलाई, का. फर्जी अनुसूची से नौकरी प्राप्त करने के मामले में जिला शिक्षाधिकारी द्वारा शिकायत के बाद एसपी के निर्देश पर थाना ब्यावरा ने सभी आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है. जिला शिक्षाधिकारी सावन पिता पुरुषोत्तम पाटीदार उम्र 27 साल निवासी वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ की शिकायत के बद आरोपी रमेश चंद्र पिता मदन लाल यादव, पवन पिता गंगा प्रसाद शर्मा, सुनील पिता भवरलाल प्रजापति, हेमंत पिता शिवचरण शर्मा, सावित्री पिता बिहारी लाल दांगी, बने सिंह पिता गोवर्धन लववंशी, भारत सिंह पिता पूनम चंद यादव और हरिप्रसाद पिता राम सिंह लववंशी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और पूछताछ शुरू कर दी है. मामला न्यायालय में पेश किया जाएगा.

2007 से नियुक्ति, 19 साल बाद पकड़े गए

मामले में पुलिस की ओर से घटना की दिनांक व समय 29. सितम्बर 2007 दर्ज किया गया है. इस प्रकार इस मामले का 19 साल बाद खुलासा हुआ है. सावन पाटीदार निवासी ग्राम बेहरावल की शिकायत पर थाना कोतवाली राजगढ़ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई. शिकायत में आरोप है कि 08 प्राथमिक शिक्षकों ने नियुक्ति/संविलियन के समय कूटरचित एवं असत्य शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत कर शासकीय सेवा प्राप्त की. माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल एवं कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी, मैसूर से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदनों तथा जांच समिति की अंतिम रिपोर्ट दिनांक 03 जुलाई में दस्तावेजों का अप्रमाणित होना पाया गया. जिला शिक्षा अधिकार द्वारा संबंधितों की सेवाएं समाप्त कर वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था.

एनटीपीसी का वाटर कूलर 15 दिनों से बंद पड़ा है

रखरखाव के अभाव में ठप हुई लाखों की सुविधा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 14 जुलाई, का. नगर के नाका न. 2 स्थित नवीन बस स्टैंड पर आम नागरिकों और यात्रियों के लिए लगाया गया वाटर कूलर पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा है. रखरखाव के अभाव में सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था ठप होने से लोगों को उमस भरी गर्मी में पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है.

दरअसल जिला प्रशासन के प्रयास से यह वाटर कूलर करीब तीन माह पहले एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत दान स्वरूप उपलब्ध कराया गया था. उस समय नगर पालिका ने समारोहपूर्वक इसका शुभारंभ कर इसे आम जनता को समर्पित किया था. उम्मीद थी कि बस स्टैंड पर आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल मिलेगा, लेकिन कुछ ही दिनों तक ये चालू राह सका.

कुछ दिन मिली सुविधा

शुरुआती दिनों में लोगों को ठंडा और स्वच्छ पानी उपलब्ध हुआ, लेकिन नियमित देखरेख नहीं होने से वाटर कूलर तकनीकी कारणों बंद हो गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि इसकी मरम्मत कराने और नियमित संचालन की जिम्मेदारी नगर पालिका की है, लेकिन पिछले लगभग 15 दिनों से यह पूरी तरह बंद पड़ा है. एनटीपीसी द्वारा वाटर कूलर की स्थापना और आवश्यक व्यवस्थाओं पर खर्च किया गया था, जबकि नगर पालिका को केवल इसके रखरखाव और नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करनी थी.

स्थायी पेयजल की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस स्टैंड जैसे व्यस्त सार्वजनिक स्थल पर पेयजल की यह एकमात्र व्यवस्था है. ऐसे में इसके बंद होने से सबसे अधिक परेशानी दूर-दराज़ से आने वाले यात्रियों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है. लोगों ने नगर पालिका से वाटर कूलर को तत्काल चालू कराने और स्थायी रूप से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है.

बस स्टेण्ड की एकमात्र सार्वजनिक प्याऊ भी हुई बंद- राजगढ़ के नवीन बस स्टैंड क्षेत्र में वर्षों बाद जिला प्रशासन और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के प्रयासों से स्वच्छ एवं नि:शुल्क पेयजल की व्यवस्था शुरू हुई थी. लेकिन रखरखाव के अभाव में यही एकमात्र सार्वजनिक प्याऊ अब बंद पड़ी है. जानकारी के अनुसार वाटर कूलर में लगभग 500 लीटर क्षमता की टंकी में टैंकर के माध्यम से पानी भरा जाता है, जो पूरे दिन के लिए पर्याप्त नहीं होता और कई बार समय से पहले ही समाप्त हो जाता है.

शिव-पार्वती मंदिर में की प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 14 जुलाई, सं. नगर में शिक्षक कॉलोनी ब्यावरा रोड़ स्थित नव निर्मित शिव-पार्वती परिवार मंदिर में दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना महोत्सव का शुभारंभ शनिवार सुबह 8 बजे वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ. धार्मिक अनुष्ठान का संचालन गायत्री परिवार द्वारा कराया जा रहा है. अनुष्ठान के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक दंपतियों ने विधिवत आहुति देकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई. यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, महंत दीपेंद्र दास खाकी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मंदिर में सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की. इसके बाद दिनभर महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में देर तक शामिल रहे. आयोजन समिति ने बताया कि रविवार सुबह शुभ मुहूर्त में शिव-पार्वती परिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना संपन्न होगी. इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा. आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल है.

दो महिलाओं से रेप, आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

एक महिला से नाले में ले जाकर रेप, दूसरी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 14 जुलाई, का. राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ही दिन दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामले दर्ज हुए हैं. दोनों मामलों में महिलाओं ने पुलिस में शिकायत दी है. एक महिला ने गांव के नाले में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. वहीं दूसरी महिला ने दो लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहले मामले में थाना क्षेत्र के एक गांव की 25 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई 13 जुलाई की शाम 7 बजे रोहन उसे गांव के नाले में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया. घटना के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87, 64(2)(एच), 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया.दूसरे मामले में 38 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि 13 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे मुकेश और कमल ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. विरोध करने पर आरोपियों ने उसके बेटे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 70(1), 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया. पुलिस के द्वारा दोनों मामलों में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं.



बांध में डूबे मंदिरों को अब तक नहीं मिला मुआवजा

डूब क्षेत्र के ग्रामीण फिर पहुंचे मोहनपुरा परियोजना कार्यालय, जल्द निर्णय की मांग

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 14 जुलाई, का. मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले मंदिरों के मुआवजे का मामला पिछले करीब चार वर्षों से राजस्व और सिंचाई विभाग के बीच उलझा हुआ है. डूब क्षेत्र में शामिल दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका है. सोमवार को पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के ग्रामीण मोहनपुरा सिंचाई परियोजना कार्यालय पहुंचे और कार्यपालन यंत्री से मुलाकात कर लंबित प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने की मांग की. इस दौरान कोलूखेड़ा, डूंगरपुर, उदपुरिया, नाइहेड़ा, मांडाखेड़ा सहित अन्य प्रभावित गांवों के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

आस्था के केंद्र मंदिर-कल्पोनी- ग्रामीणों और पूर्व विधायक कल्पोनी का कहना है कि सिंचाई विभाग कई बार प्रस्ताव तैयार कर राजस्व विभाग को भेज चुका है, लेकिन विभागों के बीच फाइल लगातार एक-दूसरे के पास भेजी जा रही है. परिणामस्वरूप वर्षों बाद भी मंदिरों के मुआवजे का मामला अधर में लटका हुआ है. कल्पोनी ने कहा कि मंदिर केवल भवन नहीं, बल्कि ग्रामीणों की आस्था और धार्मिक विश्वास के केंद्र हैं. ऐसे मामलों में अनावश्यक विलंब उचित नहीं है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र निर्णय लेकर प्रभावित गांवों को मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की.

संतोष मित्तल स्कूल के आरव व गर्वित का अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड के लिए चयन

नवभारत न्यूज

पचोर 14 जुलाई, सं. प्रोफेसर संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल, पचोर के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड (एमओआई) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया.

गणितीय क्षमता, तार्किक चिंतन एवं समस्या-समाधान कौशल के विकास के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतिष्ठित ओलंपियाड में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विद्यालय के देवांश नगर (कक्षा 3), स्वरा सोनी, नीदीश यादव, अभय कुमार, नैवेद्य यादव, हेमेंद्र राठौर (कक्षा 4), आरव यादव, वासु गुप्ता, गर्वित गुप्ता, धामनिया सक्सेना (कक्षा 5), मेघा सिंह जाट (कक्षा 6) तथा कनिका सोनी (कक्षा 7) को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस एवं सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया.

कक्षा 5 के आरव यादव एवं गर्वित गुप्ता ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड के द्वितीय स्तर के लिए स्थान बनाया. इस अवसर पर प्रबंधक संजय सोनी एवं प्राचार्या मनीता पोखरना सहित संचालक मंडल के सदस्य गोपाल गोयल, सत्यनारायण गुप्ता, विनोद राठी, प्रबंधक संजय सोनी, प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

कार्यवाहीं ▶ **दस्तक अभियान के शुभारंभ में लापरवाही मिलने पर कलेक्टर ने की कार्यवाही**

दस्तक में लापरवाही पर सेवा से बर्खास्त, निलंबन और वेतन काटा

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 14 जुलाई, का. दस्तक अभियान की शुरूआती चरण में ही कलेक्टर ने लापरवाहों पर अपनी सख्ती और कार्यवाही की दस्तक दे दी है. कलेक्टर ने सेवा समाप्ति, निलंबन और वेतन काटने के निर्देश दिए है. जीरापुर विकासखंड के ग्राम धतुरिया में मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया.

इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं सेवाओं का गहन निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

आउटसोर्स कर्मचारी को बर्खास्त किया

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने रामगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की. निरीक्षण में एएनसी पंजीयन की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए. एएनएम हेमलता वर्मा एवं कृष्णा कुम्भकार की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने, आशा सुपरवाइजर सीमा दांगी की प्रोत्साहन राशि रोकने, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक दिलेश्वरी के निलंबन तथा सीडीपीओ ममता वर्मा को तीन दिन के भीतर एएनसी सर्वे पूर्ण कर प्रगति लाने के निर्देश दिए. निर्धारित समय में सुधार नहीं होने पर निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए. इसके अलावा अनुपस्थित आउटसोर्स कर्मचारी महेंद्र गुर्जर की सेवा समाप्त करने, उप स्वास्थ्य केंद्र खेजड़िया के सीएचओ हरीश लोधा एवं खारपा के सीएचओ रोशन सिंह गुर्जर का तीन दिन का वेतन काटने तथा ग्राम धतुरिया की एएनएम संगीता मालवीय एवं सीएचओ मनीषा मालवीय का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए.